
# Daily Current Affairs 06/12/2021

## 1. भारत के लिए 2017-18 के राष्ट्रीय स्वास्थ्य लेखा अनुमानों की रिपोर्ट





**चर्चा में क्यों?**

- **केन्द्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय** ने 2017-18 के लिए **भारत के राष्ट्रीय स्वास्थ्य लेखा (NHA) अनुमानों** के निष्कर्ष जारी किए।
- यह राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्रणाली संसाधन केंद्र (NHSRC) द्वारा तैयार की गई लगातार पांचवीं NHA रिपोर्ट है, जिसे केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा 2014 में राष्ट्रीय स्वास्थ्य लेखा तकनीकी सचिवालय (NHATS) के रूप में नामित किया गया है।

**प्रमुख बिंदु**

- NHA अनुमान विश्व स्वास्थ्य संगठन (WHO) द्वारा प्रदान किए गए अंतरराष्ट्रीय स्तर पर स्वीकृत स्वास्थ्य लेखा प्रणाली 2011 के आधार पर एक लेखा ढांचे का उपयोग करके तैयार किए जाते हैं।
- 2017-18 के लिए NHA के अनुमान स्पष्ट रूप से दर्शाते हैं कि देश के कुल सकल घरेलू उत्पाद में सरकारी स्वास्थ्य व्यय के हिस्से में वृद्धि हुई है। यह 2013-14 में 1.15 प्रतिशत से बढ़कर 2017-18 में 1.35 प्रतिशत हो गया है।
- इसके अतिरिक्त, कुल स्वास्थ्य व्यय में सरकारी स्वास्थ्य व्यय का हिस्सा भी समय के साथ बढ़ा है।
- सरकारी खर्च का हिस्सा 2017-18 में 40.8 प्रतिशत था, जो 2013-14 के 28.6 प्रतिशत से काफी अधिक है।
- जन स्वास्थ्य सुविधा की दिशा में सुधार के लिए सरकार के प्रयास इस बात से भी प्रमाणित होते हैं कि कुल स्वास्थ्य व्यय का हिस्से के रूप में आउट-ऑफ-पॉकेट व्यय (OOPE) 2013-14 के 64.2 प्रतिशत से कम होकर 2017-18 में 48.8 प्रतिशत हो गया है।
- प्रति व्यक्ति OOPE के मामले में भी 2013-14 से 2017-18 के बीच 2,336 रुपये से घटकर 2,097 रुपये हो गया है।

**स्रोत: PIB**




BYJU'S EXAM PREP
SUBSCRIBE
BYJU'S EXAM PREP

## 2. प्रधानमंत्री मोदी ने इनफिनिटी फोरम का उद्घाटन किया




**चर्चा में क्यों?**

- **प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी** ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये फिन-टेक पर एक विचारशील नेतृत्वकारी मंच **इनफिनिटी फोरम** का उद्घाटन किया।
- इस कार्यक्रम की मेजबानी **अंतर्राष्ट्रीय वित्तीय सेवा केंद्र प्राधिकरण (IFSCA)** भारत सरकार के तत्वावधान में GIFT-सिटी और ब्लूमबर्ग द्वारा 3 और 4 दिसंबर, 2021 को की गई थी।
- फोरम के इस प्रथम आयोजन में इंडोनेशिया, दक्षिण अफ्रीका और ब्रिटेन साझीदार देश थे।

**प्रमुख बिंदु**

- इनफिनिटी-फोरम के जरिये नीति, व्यापार और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में विश्व की जानी-मानी प्रतिभायें एक साथ लायी गयी तथा इस बात पर गहन विमर्श किया कि कैसे प्रौद्योगिकी और नवाचार को फिन-टेक उद्योग में इस्तेमाल किया जा सकता है, ताकि समावेशी विकास हो तथा बड़े पैमाने पर सबकी सेवा हो।

**अंतर्राष्ट्रीय वित्तीय सेवा केंद्र प्राधिकरण (IFSCA) के बारे में:**

- अंतर्राष्ट्रीय वित्तीय सेवा केंद्र प्राधिकरण अधिनियम, 2019 के तहत, अंतर्राष्ट्रीय वित्तीय सेवा केंद्र प्राधिकरण (IFSCA) की स्थापना GIFT सिटी, गांधीनगर, गुजरात में अपने मुख्यालय के साथ की गई थी।
- भारत के अंतर्राष्ट्रीय वित्तीय सेवा केंद्र (IFSC) के रूप में, यह वित्तीय उत्पादों, वित्तीय सेवाओं और वित्तीय संस्थानों के विकास और विनियमन के लिए एक एकीकृत प्राधिकरण के रूप में कार्य करता है।
- GIFT IFSC वर्तमान में भारत का पहला अंतर्राष्ट्रीय वित्तीय सेवा केंद्र है।

**स्रोत: PIB**

## 3. NITI आयोग ने न्याय तक त्वरित पहुंच के लिए ऑनलाइन विवाद समाधान नीति पर रिपोर्ट जारी की



**चर्चा में क्यों?**

- **NITI आयोग** ने विवाद से बचने, रोकथाम और ऑनलाइन समाधान के लिए **'डिजाइनिंग द फ्यूचर ऑफ डिसप्यूट रिजॉल्युशनः द ODR पॉलिसी प्लान फॉर इंडिया'** रिपोर्ट जारी की।

**प्रमुख बिंदु**

- रिपोर्ट में उल्लिखित सिफारिशों के लागू होने से भारत को तकनीक के इस्तेमाल से और हर व्यक्ति के लिए न्याय की प्रभावी

पहुंच के लिए **ऑनलाइन विवाद समाधान (ODR)** के माध्यम से नवाचार में भारत को वैश्विक स्तर पर अग्रणी बनाने में सहायता मिल सकती है।

- यह रिपोर्ट 2020 में COVID संकट के दौरान **NITI आयोग** द्वारा ODR पर गठित **समिति** द्वारा तैयार कार्य योजना का परिणाम है और इसकी **अध्यक्षता उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीश (सेवानिवृत्त) ए के सीकरी** ने की है।

**ऑनलाइन विवाद समाधान (ODR) के बारे में:**

- ODR डिजिटल प्रौद्योगिकी और पंच निर्णय, सुलह व मध्यस्थता जैसे ADR के उपायों के इस्तेमाल से विशेष रूप से लघु और मध्यम मूल्य के मामलों से जुड़े विवादों का समाधान है।
- यह पारम्परिक अदालती व्यवस्था के बाहर विवाद से बचने, रोकथाम और संकल्प के लिए प्रौद्योगिकी के इस्तेमाल की प्रक्रिया का उल्लेख करती है।

**स्रोत: PIB**

**4. केंद्रीय मंत्री डॉ जितेंद्र सिंह ने पेंशनभोगियों के लिए यूनिक फेस रिकग्निशन टेक्नोलॉजी का शुभारंभ किया**



**चर्चा में क्यों?**

- केंद्रीय कार्मिक, लोक शिकायत एवं पेंशन राज्यमंत्री डॉ जितेंद्र सिंह ने पेंशनभोगियों के लिए **यूनिक फेस रिकग्निशन टेक्नोलॉजी** का शुभारंभ किया।
- इससे सेवानिवृत्त और बुजुर्ग नागरिकों के लिए ईज ऑफ लिविंग प्राप्त करने में आसानी होगी।

**प्रमुख बिंदु**

- जीवन का प्रमाणपत्र देने के लिए फेस रिकग्निशन टेक्नोलॉजी एक ऐतिहासिक और दूरगामी सुधार है, क्योंकि यह न केवल 68 लाख केंद्र सरकार के पेंशनभोगियों को बल्कि उन करोड़ों पेंशनभोगियों को भी सुविधा प्रदान करेगा जो इस विभाग के अधिकार क्षेत्र से बाहर आते हैं जैसे EPFO, राज्य सरकार के पेंशनभोगी आदि।
- यह तकनीक राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र (NIC), इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय द्वारा UIDAI (भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण) के सहयोग से तैयार की गई है।

**अन्य संबंधित पहलें:**

- डिजिटल जीवन प्रमाणपत्र
- पेंशन मामलों को संसाधित करने के लिए भारत सरकार के सभी मंत्रालयों के लिए बुद्धिमान सामान्य सॉफ्टवेयर "भविष्य" का परिचय
- शिकायत निवारण पोर्टल, CPENGRAMS के साथ कॉल सेंटर
- सेवानिवृत्त अधिकारियों के अनुभवों के बारे में जानकारी प्रदान करने के लिए "अनुभव" पोर्टल
- पेंशन अदालत

**स्रोत: PIB**

BYJU'S EXAM PREP

## 5. इंडोनेशिया और इटली के साथ G20 'ट्रोइका' में भारत शामिल हुआ




**चर्चा में क्यों?**

- भारत 1 दिसंबर, 2021 को **G20 'ट्रोइका'** में शामिल हुआ।
- इस कदम के साथ भारत ने अगले साल G20 का अध्यक्ष पद संभालने की प्रक्रिया शुरू कर दी है।
- ट्रोइका G20 के भीतर शीर्ष समूह को संदर्भित करता है जिसमें वर्तमान, पिछली और आने वाली अध्यक्षताएं शामिल हैं - इंडोनेशिया, इटली और भारत।

**प्रमुख बिंदु**

- भारत 1 दिसंबर, 2022 को इंडोनेशिया से G20 की अध्यक्षता ग्रहण करेगा, और 2023 में भारत में पहली बार G20 लीडर्स समिट का आयोजन करेगा।
- इंडोनेशिया ने 1 दिसंबर, 2021 को G20 की अध्यक्षता संभाली।

**G-20 के बारे में:**

- G-20 एक अंतरराष्ट्रीय मंच है जो दुनिया की प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं को एक साथ लाता है।
- इसके सदस्य विश्व के सकल घरेलू उत्पाद का 80%, वैश्विक व्यापार का 75% और ग्रह की आबादी का 60% हिस्सा हैं।
- G20 **19 देशों और यूरोपीय संघ** से बना है।
- **19 देश** अर्जेंटीना, ऑस्ट्रेलिया, ब्राजील, कनाडा, चीन, जर्मनी, फ्रांस, भारत, इंडोनेशिया, इटली, जापान, मेक्सिको, रूस, सऊदी अरब, दक्षिण अफ्रीका, दक्षिण कोरिया, तुर्की, ब्रिटेन, और अमेरिका हैं।

**स्रोत: द हिंदू**

## 6. केंद्र ने EWS कोटे के लिए मानदंड की समीक्षा के लिए तीन सदस्यीय समिति का गठन किया



**चर्चा में क्यों?**

- **सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय** ने **आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (EWS) आरक्षण** के लिए मानदंड की समीक्षा करने के लिए एक तीन सदस्यीय समिति के गठन के लिए घोषणा की।
- समिति में पूर्व वित्त सचिव अजय भूषण पांडे, सदस्य सचिव ICSSR प्रो वीके मल्होत्रा और भारत सरकार के प्रधान आर्थिक सलाहकार संजीव सान्याल शामिल होंगे।


**प्रमुख बिंदु**

- समिति आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों की पहचान के लिए देश में अब तक अपनाए गए विभिन्न दृष्टिकोणों की जांच करेगी।
- मंत्रालय द्वारा जारी कार्यालय ज्ञापन में कहा गया है कि समिति का गठन "प्रतिबद्धता के अनुसार" किया जा रहा है, जो कि संविधान के अनुच्छेद 15 के स्पष्टीकरण के प्रावधानों के संदर्भ में आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों के निर्धारण के मानदंडों पर फिर से विचार करने के लिए सर्वोच्च न्यायालय को दिया गया है।

**नोट:** 10% EWS कोटा 103वें संविधान (संशोधन) अधिनियम, 2019 के तहत पेश किया गया था, जिसे सुप्रीम कोर्ट की पांच-न्यायाधीशों की संविधान पीठ के समक्ष चुनौती दी जा रही है।

**स्रोत: इंडियन एक्सप्रेस**

## 7. लियोनेल मेसी ने रिकॉर्ड सातवीं बार पुरुषों का बेलोन डी'ओर पुरस्कार 2021 जीता




**चर्चा में क्यों?**

- **अर्जेंटीना के फुटबॉल खिलाड़ी लियोनेल मेसी** ने रिकॉर्ड सातवीं बार **पुरुषों का बेलोन डी'ओर पुरस्कार 2021** और **बार्सिलोना की एलेक्सिया पुटेलस** ने **महिलाओं का बेलोन डी'ओर पुरस्कार 2021** जीत लिया है।


**प्रमुख बिंदु**

- महामारी के कारण पिछले साल के पुरस्कार रद्द होने से पहले मेसी ने 2019 में बेलोन डी'ओर का आखिरी संस्करण जीता था। उन्होंने 2009, 2010, 2011, 2012 और 2015 में भी जीत हासिल की।

**नोट:** 2021 बेलोन डी'ओर, बेलोन डी'ओर का 65वां वार्षिक समारोह था, जिसे फ़्रांस फ़ुटबॉल द्वारा प्रस्तुत किया गया था।

**स्रोत: न्यूज़ऑनएयर**

## 8. प्रधानमंत्री मोदी ने चक्रवात जवाद से निपटने की तैयारियों की समीक्षा के लिए उच्च स्तरीय बैठक की अध्यक्षता की



**चर्चा में क्यों?**

- **प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी** ने **चक्रवात जवाद** की संभावित स्थिति से निपटने के लिए राज्यों और केंद्रीय मंत्रालयों तथा संबंधित एजेंसियों की तैयारियों की समीक्षा के लिए एक उच्च स्तरीय बैठक की अध्यक्षता की।

**प्रमुख बिंदु**

- **भारत मौसम विज्ञान विभाग (IMD)** ने कहा है कि बंगाल की खाड़ी में कम दबाव के क्षेत्र में चक्रवात जवाद के रूप में जोर पकड़ने की उम्मीद है और इसके आंध्र प्रदेश - ओडिशा के उत्तर तट तक पहुंचने की उम्मीद है।

- इससे आंध्र प्रदेश, ओडिशा और पश्चिम बंगाल के तटीय जिलों में भारी वर्षा होने की संभावना है।

**स्रोत: PIB**

### 9. 4 दिसंबर, नौसेना दिवस (भारत)



**चर्चा में क्यों?**


- भारतीय नौसेना की भूमिका और उपलब्धियों को पहचानने के लिए हर साल **4 दिसंबर** को **भारत** में **नौसेना दिवस** मनाया जाता है।

**प्रमुख बिंदु**

- यह दिवस 1971 में भारत-पाकिस्तान युद्ध के दौरान पाकिस्तान के खिलाफ ऑपरेशन ट्राइडेंट के शुभारंभ को मनाने के लिए चुना गया था।
- भारतीय नौसेना भारतीय सशस्त्र बलों की नौसेना शाखा है।
- **कमांडर-इन-चीफ:** राष्ट्रपति राम नाथ कोविंद
- **चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (CDS):** जनरल बिपिन रावत
- **नौसेना प्रमुख (CNS):** एडमिरल आर हरि कुमार

**स्रोत: news18**

### 10. 5 दिसंबर, विश्व मृदा दिवस




**चर्चा में क्यों?**

- **विश्व मृदा दिवस (WSD)** प्रतिवर्ष 5 दिसंबर को स्वस्थ मिट्टी के महत्व पर ध्यान केंद्रित करने और मृदा संसाधनों के स्थायी प्रबंधन की वकालत करने के लिए आयोजित किया जाता है।

**प्रमुख बिंदु**

- विश्व मृदा दिवस 2021 का **विषय "हॉल्ट साइल सलिनिजेसन, बूस्ट साइल प्रोडक्टिविटी"** है।
- मृदा जश्न मनाने के लिए एक अंतरराष्ट्रीय दिन 2002 में मृदा विज्ञान के अंतर्राष्ट्रीय संघ (IUSS) की सिफारिश द्वारा की गयी थी।
- FAO सम्मेलन ने सर्वसम्मति से जून 2013 में विश्व मृदा दिवस का समर्थन किया और 68वीं संयुक्त राष्ट्र महासभा में इसे आधिकारिक रूप से अपनाने का अनुरोध किया।

- दिसंबर 2013 में, संयुक्त राष्ट्र महासभा ने 5 दिसंबर 2014 को पहले आधिकारिक विश्व मृदा दिवस के रूप में नामित किया।

**स्रोत: un.org**

byjusexamprep.com